# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर

**प्रकरण संख्या :–04/25**

| **प्रार्थी** | **बनाम** | **अप्रार्थी** |
|---|---|---|
| सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया बोरून्दा, जोधपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी हीना कच्छवाहा | | • मैसर्स सितारा केमीकल एण्ड मिनरल प्रोपराईटर मोहम्मद इस्माइल कुरैशी बीटण रोड़, गांव बोरून्दा, तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर<br>• मोहम्मद इस्माइल कुरैशी पुत्र अल्लारख कुरैशी<br>कोर्ट के पास, राजपूतों का मोहल्ला, ग्राव बोरून्दा तहसील पीपाड शहर, जोधपुर |

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002**

**आदेश दिनांकः–30-04-2025**

**उपस्थिति :–**

**1–विरेन्द्र सिंह इन्दा अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)**

## आदेश

प्रार्थीपक्ष की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण मैसर्स सितारा केमीकल एण्ड मिनरल प्रोपराईटर मोहम्मद इस्माइल कुरैशी व अन्य के विरूद्ध पेश हुआ।

प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को कुल राशि रूपये 13,00,000/–ओवरड्राफ्ट ऋणसुविधा उपलब्ध कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण **मोहम्मद इस्माइल कुरैशी पुत्र अल्लारख कुरैशी** की जायदाद **औद्योगिक जायदाद मय इमारत अवस्थित खसरा न. 1835/1, गांव बोरून्दा, तहसील पीपाड शहर, जिला जोधपुर** जिसका [illegible] जिसमें उत्तर में खसरा नंबर 1834, दक्षिण में रोड़, पूर्व में खसरा नंबर [illegible] एवं पश्चिम में खसरा नम्बर 1836 आया हुआ, को प्रार्थी बैंक [illegible] हाइपोथिकेशन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी के [illegible] का भुगतान करने

Signature valid
Digitally signed by [illegible]av Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.3[illegible] [illegible]9:28:55 IST
Reason: Approved



न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (राज.)

RajKaj Ref No.: 15017168

मे असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी के नाम से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि मय ब्याज दिनांक 06.05.2024 तक 13,28,428.73/- भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण के द्वारा बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थीपक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 13,00,000/-ओवरड्राफ्ट ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थीगण बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी एवं अप्रार्थीगण से दिनांक 06.05.2024 तक 13,28,428.73/- वसूल किये जाने है। अप्रार्थीगण को नोटिस भी जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्राथीगण द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया है। "दी सिक्युराईटेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटीइन्ट्रेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002" की धारा 14 में उक्त रहन रखी गई सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः उपरोक्त तथ्यों के सन्दर्भ में प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीपक्ष द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप रखी गई अपनी उक्त जायदाद **मोहम्मद इस्माइल कुरैशी पुत्र अल्लारख कुरैशी** की जायदाद **औद्योगिक जायदाद मय इमारत अवस्थित खसरा न. 1835/1, गांव बोरून्दा, तहसील पीपाड शहर, जिला जोधपुर जिसका क्षेत्रफल 2428.11 वर्गमीटर. जिसमें उत्तर में खसरा नंबर 1834, दक्षिण में रोड़, पूर्व में खसरा नंबर 1835 एवं पश्चिम में खसरा नम्बर 1836 आया हुआ,** का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस, प्रार्थी को सम्भलाये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित थानाधिकारी एवं प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (राज.)

आदेश आज दिनांक 30-04-2025 को सुनाया गया।

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.30 19:28:55 IST
Reason: Approved